पंचायत निगरानी संख्या 130/2024

पंचायत निगरानी उनवान शैलेश जोशी बनाम ग्राम पंचायत नाना व अन्य अन्तर्गत धारा 97 राजस्थान पंचायती राज. अधिनियम, 1994

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुयें
10/10/24	वकुलाय उप.आज पीठासीन अधिकारी ग्रा.अ.त.प. में पधारे है। पत्रावली दिनांक...07/11/24 को पेश हो।	
07/11/24	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थीपक्ष उपस्थित। प्रार्थी असालतन। वकालतन अनुपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया गया। इस्तगासा पत्रावली दिनांक 20/12/2023 को न्यायालय हाजा को हस्तांतरित होने के बाद से ही न तो अधिवक्ता प्रार्थीपक्ष और न ही स्वयं प्रार्थी ने पैरवी हेतु अपनी उपस्थिति दी है। दरम्यान सुनवाई प्रार्थी को उपस्थिति हेतु निगरानी में अंकित पते एवं प्रार्थी के आधार कार्ड में अंकित पते, दोनों पर पृथक पृथक नोटिस भी भेजा गया। प्रार्थी के निवास स्थान का अन्य कोई पता, यदि है तो जाने का न्यायालय हाजा के पास अन्य कोई स्त्रोत भी नहीं है और न ही इस न्यायालय से यह अपेक्षित है। यह अवश्य स्पष्ट है कि अपीलान्ट प्रार्थीपक्ष पिछले लगभग 11 माह से पैरोकारी हेतु न्यायालय हाजा के असालतन व वकालतन उपस्थित नहीं हो रहे है। लिहाजा विचाराधीन पत्रावली अदम पैरवी में खारिज की जाती है। पत्रावली नम्बर से बंद होकर दाखिल दफ्तर हो। अतिरिक्त जिला कलेक्टर बाली, जिला-पाली	